<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1939

30 जुलाई, 2018 को उत्तर के लिए

लौह अयस्क की कमी

1939. श्री भीमराव बी. पाटील:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास इस्पात कंपनियों का विकास और वैविध्यकरण करने और इस क्षेत्र में निजी कंपनियों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई योजनाएं हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या घरेलू इस्पात उद्योग लौह अयस्क और प्रसंस्कृत इस्पात की भारी कमी का सामना कर रहा है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और घरेलू बाजार में उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क और प्रसंस्कृत इस्पात की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) क्या सरकार का घरेलू उद्योग में उपयोग हेतु कबाड़ से लोहे का पुनः उपयोग और पुनः प्रसंस्करण करने हेतु कोई विशेष नीति अथवा मानदंडों का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार का क्या रुख है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): जी नहीं। इस्पात उद्योग नियंत्रण मुक्त क्षेत्र है। निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों की कंपनियों द्वारा निवेश और वाणिज्यिक निर्णय वाणिज्यिक गुणावगुण के आधार पर लिए जाते हैं।

(ख) से (घ): जी नहीं।

******